फर्द अहकाम

श्रवणलाल बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्याः 384/2024

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
12.12.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत् तरमीम/नक्शा शुद्धिकरण पेश किया। पटवारी हल्का पंवालिया कि रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंवालिया के खसरा नम्बर 856 का विभाजन नामान्तरकरण संख्या 683 दिनांक 17.09.2013 को किया गया था। विभाजन को सेगरीगेशन ऑनलाईन के दौरान नक्शे में त्रूटि हो गई है। नामान्तकरण 683 के मुताबिक खसरा नम्बर 856 को खसरा नम्बर 856 रकबा 0.06 है0 तथा खसरा नम्बर 856/1 रकबा 0.17 है0 में विभाजित किया गया। अतः खसरा नम्बर 856 को खसरा नम्बर 856/1 की जगह रकबा 0.06 है0 तथा खसरा नम्बर 856/1 को खसरा नम्बर 856 रकबा 0.17 है0 की जगह प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजात तथा पटवारी रिपोर्ट का मनन एवं अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत् तरमीम/नक्शा शुद्धिकरण स्वीकार किया जाकर पटवारी रिपोर्ट अनुसार शुद्ध किये जाने के आदेश दिंये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 12.12.2024 को सुनाया गया। (हिम्मत सिंह) आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी जयपुर–द्वितीय (साँगानेर), जयपुर	